बहुत खिलाफ हूं गऊओं की भलाई के लिए एक ड्राई फार्म खोला जाए ताकि जो लाग गऊ नहीं रखना चाहिते, वे उन गऊओं को उस ड्राई फार्म में भेज सकें। इस तरह गऊओं की जान बचाई जा सके।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसके बाद मैं बिजल की महकमे के बारे में कहना चाहता हूं कि बिजली का महकमा बहुत लापरवाही से काम करता है जिससे आम जनता का बहुत नुक्सासन होता है। अभी पिछले दिनों कैथल तहसील के एक गांव में 23 दिसम्बर 1978 को 2 बच्चे और एक भैंस बिजली से मरे। कारण यह बताया गया है कि यह बिजली विभाग की लापरवाही के कारण मरे हैं। जिन कर्मचारियों की यह लापरवाही है उनको सजा दी जाए। मैं सरकार से मांग करता हूं कि बिजली के कारण जिनके बच्चों और भैंस की जान गई है उनको मुआवजा देने का एलान किया जाए क्योंकि इन सब बातों की जिम्मेदारी सरकार की होनी चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, चण्डीगढ़ में हमारी सरकार द्वारा मकान बनाने के लिए इस बजट में कहीं भी पैसा नहीं रखा गया हैं उधर पंजाब सरकार चण्डीगढ़ में 1300 मकान बना रही हैं मैं कहना चाहूंगा कि जब तक चण्डीगढ़ का आखिरी फैसला न हो जाए तब तक पंजाब सरकार कैथल में सरकारी बिल्डिंगज नहीं हैं। वहां न तो सब जेल की बिल्डिंग है और न ही तहसील की बिल्डिंग है। लोग होस्पीटल मैं बैठे रहते हैं। इसलिए सरकार से मेरी प्रार्थना है कि कैथल में सरकारी बिल्डिंगज अव य बनाई

जाएं। डिप्टी स्पीकर साहब, कैथल में आई0टी0आई0 की बिल्डिंग काफी बडी है लेकिन उसमें ट्रेडज बहुत कम हैं। यदि रेडियो, टैलीविजन, हिन्दी और अंग्रेजी स्टेनाग्राफी के ट्रेडज और दे दिए जाएं तो इससे आम आदमी का भला हो सकेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, टयूबवैल से जो वाटर सप्लाई जोती है उसका रेट सरकार ने बढा दिया है। मैं इसकी मुखालफत करता हूं। नहरी पानी पर मालिया पहले से ही बहुत ज्यादा लगा हुआ है। इसलिए टयूबवैल वाटर सप्लाई पर से यह टैक्स वापिस लिया जाए। इसको पास न किया जाए और जो जमीन पर टैक्स लगा रहे हैं। वह भी सारे का सारा वापिस लिया जाए। किसानों के ऊपर तो पहले ही काफी टैक्स लगे हुए हैं। उनके ऊपर और ज्यादा टेक्स न लगाए जाएं। इसके बाद जो आपने हलवाईयों के ऊपर टैक्स लगाया है वह भी नहीं लगाया जाने चाहिऐं। जो बडे बडे सरमाएदारों के बडे बडे काम हैं जैसे सिनेमा हैं, फैक्टरीज हैं, जिनसे उनको बहुत ज्यादा फायदा होता है उनको नै ानेलाइज कर के खुद अपने हाि में लेकर सरकार आमदनी का जरिया बनाएं इसके अलावा डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार ने जो बसों के किराए में वृद्धि की है इससे गरीब जनता पर काफी बोझ पडेगा इसलिए इसको भी वापिस लिया जाए। इन भाब्दों के साथ मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं और एक बार फिर अपने मुख्य मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि किसानों के ऊपर टैक्स न लगाया जाए। यदि किसानों पर टैक्स लगाया जाता है तो मैं इस बजट की पुरजोर मुखालफत करता हूं।

श्री जय नारायण वर्मा (बरवाला): उपाध्यक्ष महोदय, चौधरी जगजीत सिंह पोहलू ने सदन में इस बात की घोशणा की है कि वे आज के बाद कभी भाराब नहीं पीयेंगे। उन्होंने बाकी लोगों के लिए एक मिसाल पे ा की है, एक अच्छा काम किया है, मैं उनको इस बात पर बधाई देता हूं। पोहलू साहब ने एक बात और की है और वह यह है कि लोकतान्त्रिक पारिपाटी के अन्तर्गत अपोजी ान के बैंचिज की तरफ से बजट की डिबेट को भुरू किया जाता है। पोहलू साहब के जिम्मे इस डिबेट को आरम्भ करने का काम सौंपा गया था और इन्होंने इस काम को अच्छी तरह से निभाया। यह मैं मानता हूं कि इन्होंने बडे अच्छे ढंग से चर्चा की है। इससे पहले विपक्ष का एक स्वभाव ही बना गया था कि आलोचना सिर्फ आलोचना करने के लिए की जाए। इस नाते से मैं चौधरी साहब को बधाई देता हूं कि उन्हौंने सुझाव की भाक्ल में अपने विचार सदन के सामने रखे। सुझाव इसलिए रखे क्योंकि उनको इस बात का अहसास है कि आज तक न केवल हरियाणा में बल्कि सारे दे ा में जनता पार्टी की सरकार ने जो बजट पे ा किया है वह प्रगति की चकाचौंध का प्रतीक बनकर आया है। आज तक हिन्दुस्तान के अंदर जो कुछ किया जाता रहा है वह गांव के लोगों का नाम लेकर किया जाता रहा है। हिन्दुस्तान गांवों का दे ा कहलाता है लेकिन आज तक जो सरकारें आई हैं वे सब गांवों का नाम लेती रही लेकिन गांवों की आमदनी का सारा पैसा गांवों पर खर्च करने की बजाये चंद लोगों के ऊपर खर्च किया जा रहा था। आज जनता पार्टी ने यह पैसा

गांवों पर खर्च करने का साहस ही नहीं किया बल्कि अपना मौलिक उत्तरदायित्व समझा है कि गांवों के पेसे को गांवों पर ही खर्च किया है और इस बात का एहसास पोहलू साहब को बराबर रहा है। बाढ की रोकथाम के लिए जिक्र किया गया, सडकों के बारे में जिक्र किया गया इसका जवाब देना मेरा काम नहीं है लेकिन मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि पोहलू साहब जब बोल रहे थे तो उनके भाशण से एक बात साफ जाहिर थी कि वे इस बात को मानते हैं कि आज तक किसी भी सरकार ने प्रकृति के प्रकोप को कुदरत की मार को पहले से नहीं जाना क्योंकि पहले ही प्रकृति का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। कुदरत की मार पड गई और पीडित लोगों को सुविधायें देने के लिए जो कुछ जनता सरकार ने किया है उसकी मिसाल नहीं मिलेगी। इस बजट में पीडिल लोगों के लिए जो प्रावधान किया है मैं समझता हूं इसके लिए हरियाणा सरकार और वित्त मंत्री महोदय बधाई के पात्र हैं। और पोहलू साहब को सूचित करना चाहता हूं कि हमारी सरकार और यह बजट आने वाले प्रकृतिक प्रकोप को रोकने के लिए सजग है। सरकार को भलीभांति इस बात का ज्ञान है और यही कारण है कि बजट को ग्रामोन्मुख बजट बनाया है। जैसा कि हम जानते हैं कि भारत एक कृशि प्रधान दे ा है और हरियाणा प्रांत वि ोशकर कृशि के ऊपर आधारित हैं। इसलिए सरकार ने गांवों में बसने वाले लोगों की हालत सुधारने के लिए अधिक जोर दिया है और यह बिलकुल वाजिब भी है। इसके साथ ही साथ खेती के सुधारने के लिए अधिक जोर दिया है और यह बिल्कुल वाजिब भी

है। इसके साथ ही साथ खेती के सुधार के मामले, किसानों को सबसिडी बीज और खाद देने के मामले और सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था करने के मामले में जो प्रावधान किए हैं वे काबले तारीफ हैं। **(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी प्रताप सिंह ठाकरान पदासीन हुए।)** चेयरमैन साहब, गांवों में वही लोग बसते हैं जिनका गुजारा खेती पर निर्भर हैं। इनमें से किसी के पास 50 एकड धतरी है, किसी के पास 5 एकड और किसी के पास 1 एकड है; और कई ऐसे भी हैं जिनके पास जमीन बिल्कुल नहीं है। कृशि के ऊपर आधारितक का अर्थ यह है कि जिस के पास 50 एकड है वह भी कृशि पर आधारित है जिसके पास 5 एकड है वह भी और जिसके पास 1 एकड है या जो भूमिहीन हैं वह भी कृशि पर आधारित हैं। जिसके पास ज्यादा जमीन है वह भी कृशि पर आधारित है और जिसके पास कम है वह भी कृशि पर आधारित है। सरकार ने मौजूदा बजट में, गांवों में रहने वाले लोगों के लिए जो प्रावधान किए हैं, जो सुविधाए देने की बात कही है, मैं इसके बारे में अपने विचार रखना चाहता हूं। मिसाल के तौर पर हरियाणा में बहुत से ऐसे जमीदार हैं जिनके पास 1 एकड जमीन हैं यह तो ठीक है कि आंध्र प्रदे ा, केरल या कन्याकुमारी के इलाके के लोग एक या दो एकड जमीन में अपना गुजारा कर लेते हैं लेकिन हरियाणा में एक या दो एकड जमीन से गुजारा करना बडा मु कल है। हरियाणा में 74 प्रति ात से अधिक आदमी ऐसे हैं जो 5 एकड से कम जमीन रखते हैं। ये इस जमीन से अपने बच्चों का गुजारा नहीं कर

सकते, इसी लिए सरकार ने सहायक (एडी ानल) काम देने की योजना रखी है और वह योजना है प ुपालन। बजट में 1200 मिनी डेरी यूनिट बनाने का प्रावधान किया है, इसके लिए वित्त मंत्री जी बधाई के पात्र हैं। ये 1200 यूनिट गांवों के लोगों को अतिरिक्त काम देंगे, रोजगार देंगे। हमें इस बात का तो गौरव है कि हरियाणा को होने वाली आमदनी का 7.5 परसैंट रैवेन्यू, दूध और दूध से बनी चीजों से आता है और सरकार के खजाने में जमा होता है लेकिन इसके दूसरी तरफ इसमें एक वेदना छिपी हुई है; यह तो अच्छी चीज है कि सडकें बनी हैं, परिवहने के साधनों का विकास हुआ, दूध की बढौतरी के कार्य हुए लेकिन खेाद यह है कि गांव के मासूम बच्चों के मुंह से दूध छाछ छिनती जा रही है दूध सारा भाहरों में जा रहा है। मैं प ु पालन मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि इस बात की ओर वि ोश ध्यान दें हम उनको सहयोग देंगे, प ु पालन के माध्यम से सहायोग देंगे, लेकिन सरकार की तरफ से इस तरफ तुरंत कदम उइाये जाने चाहिएं हर गांव में गरीब लोग रहते हैं जो छाछ से गुजारा करते हैं लेकिन वे छाछ से महयम हो रहे हैं। इस बात की व्यवसाि होनी चाहिए कि उन लोगों को दूध का काम दिया जाए दूध के केन्द्र बनाये जाने चाहिएं और दूध कहीं गांव में बिके। जो व्यक्ति इस सिस्टम को जानते हैं बडे योग्य व्यक्ति इस पर सोच सकते हैं एक्सपर्टस सोच सकते हैं कि कैसे सुधार हो सकता है। दूध इसलिए ज्यादा बिकता है कि दूध महंगा है और इसके मुकाबले में घी सस्ता है। सरकार ने 1200 मिनी डेरी यूनिट लगाने की एक योजना बनाई है लेकिन

इसमें एक भार्त है कि प्रार्थी के पास 1 एकड भूमि होना जरूरी है। जो लोग प ा पालन यूनिअ बनायेंगे उनके पास जमीन का होना आव यक है। सभापति महोदय, इस भार्त की आड में कही अवसरवादी लोग चतुर व्यक्ति ही फायदा उठा पायेंगें, कहीं ऐसा न हो कि गरीब लोग महरूम हो जाएं इसलिए इस भार्त को निकाल दिया जाए। गांव के अंदर छोटे किसानों के इलावा बे जमीन और मजदूर भी हैं। ये लोग इस भार्त के कारण प ा पालन यूनिट नहीं लगा सकते। इसके अतिरिक्त ये जो 1200 यूनिट लगाने हैं इनमें परिगतिणत जातियों और अनुसूचित जातियों के लिए 20 परसैंट का आरक्षण है। 10 यूनिट का सक समूह स्थापित किया जाए और इस तरह से 1200 यूनिटस के 120 समूह स्थापि होंगे जो सारे हरियाणा में काम करेंगे। इससे लोगों को काम भी मिलेगा और दूध और छाछ बढाने के साधन भी बनेंगे। 20 परसैंट आरक्षण अनूसूचित जातियों के लिए किया गया है और इसका जो उद्दे य है वह वीकर सैक ान आफ दी सोसाइटी (कमजारे वर्ग) को मदद करना है और सरकार भी मदद करना चाहती है। हमारे समाज का जो कमजोर वर्ग है उसकी हालत सुधारने के लिए 20 परसैंट रिजर्वे ान की`ई है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जहां अनुसूचित जातियों के लिए 20 प्रति ात आरक्षण है, वहां गांव के अंदर बैकवर्ड क्लासिज के तेली, धोबी, कुम्हार वगैरा गरीब आदमी रहते हैं जो जमीन के मालिक नहीं हैं। इनको भी दूध पालन स्कीम में आरक्षण की सुविधा दी जाए तो मैं समझता हूं कि इस सैक ान का भी भला हो जाएगां

सभापति महोदय, यह भी गौरव की बात है कि हमारी सरकार ने इस बजट के अंदर खेतीबाडी के साथ साथ ग्रामीण उद्योग को भी प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया है। सभापति महोदय, आप जानते हैं कि आज तक न केवल इस राज्य में न केवल इस दे ा में बल्कि सभी जगह सदा से यह रीति रही है कि संपंन लोग गरीबों के नाम पर लाभ उठा रहे हैं। हमारे पोहलू साहब ने भी इस बात का जिक्र किया मैं उन्हें इस बात के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने गांव के अंदर से सामाजिक कुरीतियों को दूर करके खु ाहाली लाने की जो बात कही उस पर हमारी सरकार अमल कर रही है। सभापति महोदय, औद्योगिक क्षेत्र के अंदर बजट में सरकार ने बेरोजगार पढे लिखे युवकों द्वारा उद्योग धंधे भाुरू करने का जो प्रावधान किया है यह विकास की सही दि ाा में चलने वाले राज्य का एक प्रतीक है। आज अपोजि ान बैंचिज की तरफ से यह आवाज आती है कि बेकारी के सुरसा के मुंह को कैसे बंद करे। सुरसा का मुंह बंद हुआ थां रामायणकाल में इसे हनुमान ने बंद किया था या आज हमारी सरकार बंद कर रही है। भगवान करे कि यह इस काम में सफल हो कयोंक इसकी नीयत साफ है और कदम सही दि ाा में उठ रहे हैं लेकिन इसके बारे में मैं एक बात कहना चाहता हूं। ग्रामीण उद्योगों के लिए जहां पैसे की सुविधा, टैक्निकल गाईडैंस की सुविधा और मार्किटिंग की सुविधा दी गई है वहां एक और सुविधा दी गई है जिसका वर्णन करना आव यक है। एक वक्त था जब एक व्यक्ति कहता था कि साहब हमें कर्जा दीजिए लेकिन आज सरकार

नागरिक के पास जा रही है कि आईए हम आपको काम देना चाहते हैं आप बताएं कि आप क्या काम कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक जिले में डी0आई0सी0 खोले जा रहे हैं। सभापति महोदय, इसमें एक बुनियादी बात छिपी हुई है कि मांगने वाला सरकार के पास न जाए बल्कि अधिकारी जरूरतमंदों के दरवाजे पर जाएं यह योजना बताती है कि वाक्या में यह बात गौरव की है। लोक राज में सरकार का यह नि ाना होता है कि सरकार लोगों के पास जाए, लोगों को नौकर ाही का चक्कर न काटना पडे। इस दि ाा में सरकार ने चूंकि यह कदम उठाया है इसलिए मैं इस बात के लिए सरकार को दाद देता हूं और बधाई देता हूं।

सभापति महोदय, एक और बात के लिए भी मैं सरकार को बधाई देता हूं। समाज कल्याण विभाग के लिए एक विपुल रा ि ा हमारे बजट में परपोज की गई हैं यह सही है कि हम कल्याणकारी राज्य बनाना चाहते हैं। हमारी बुनियादी मं ाा किसी एक वर्ग के लोगों की भलाई करने की नहीं है बल्कि एक समरस समाज बनाने की है। वैल्फेयर स्टेट के अंदर जब तक सभी लोगों के पास अपना गुजारा करने के लिए कोई काम नहीं होता तब तक सहायता देना आव यक है। इसके लिए वैलफेयर डिपार्टमैंट बडी अच्छी योजना लेकर आ रहा है। हमारे मुख्य मंत्री जी ने बार बार इस बात को कहा है कि अनुसूचित जातियों के लोगों के विद्यार्थियों को वर्दियां दी जाएंगी, स्टाइपैंड दिया जाएगा, छात्रवृत्ति दी जाएगी और उनकी फीस माफ होगी। यही नही, सभापति

महोदय, इस बजअ में एक नई चीज भी है। वह यह कि इस वर्ग की आठवीं कक्षा तक की लडकियों को निः ाुल्क वर्दी देने की व्यवस्था भी की गई है। यह बहुत अच्छी बात है कि क्योंकि मैं मानता हूं कि जिसको हम ि ाक्षित बनाना चाहते हैं उसके बारे में हम यह देखें कि उसे न केवल स्लेट या पैंसिल की जरूरत होती है बल्कि यह देखना तो इससे भी पहले है कि जो बालिका स्कूल में जाती है, वइ अर्द्ध नग्न अवस्था में जाती है या नग्न अवस्था में जाती है या किस हालत में जाती है। मैं इस बात के लिए इस बजट की प्र ांसा करता हूं लेकिन साथ ही साथ समाज कल्याण विभाग से यह प्रार्थना भी करता हूं कि इस स्कीम में पिछडे हुए वर्ग के लोगों को भी भाामिल कर लिया जाए।

सभापति महोदय जी हम जानते हैं कि जब किसी बहिन का पति इस संसार से चला जाता है तो पीछे जो परिवार रहता है उसका गुजारा होना मु ि कल हो जाता है। ऐसी विधवा औरतों के लिए हमारी सरकार ने निः ाुल्क सिलाई सिखाने की योजना बनाई है। यह बात भी बडी सुंदर है लेकिन इसमें भी मैं एक सं ाोध्न करवाना चाहता हूं। यह स्कीम केवल अनुसूचित जाति की विधवाओं के लिए है लेकिन मैं चाहता हें कि यह स्कीम तमाम वर्ग की विधवाओं के लिए होनी चाहिएं चाहे विधवा किसी हरिजन की हो, चाहे बैकवर्ड क्लास की हो, चाहे किसी भी जाति की हो, बडे आदमी की हो, यह स्कीम समाज के तमाम वर्ग के लोगों के लिए होनी चाहिए।

एक बात सभापति महोदय, मैं हाउस बिल्डिंग लोन की बाकत कहना चाहूंगां इस बजट में 8 लाख 20 हजार रुपये का प्रोविजन केवल अनुसूचित जातियों के लिए रखा गया है। यह भी एक अच्छा कदम है। इसमें भी मेरा सुझाव यह है कि समाज के दूसरे कमजोर वर्गों अर्थात बैकवर्ड क्लासिज को भी इस योजना में भाामिल कर लिया जाए। हाउसिंग बोर्ड ने मकान बना कर देने की जो परम्परा डाली है, यह बहुत सुंदर परंपरा है। जो भाई, जो गरीब व्यक्ति, कम आमदनी वाला व्यक्ति मकान नहीं बना सकता या मकान बनाने के लिए इतना लोन नहीं ले सकता उनके लिए यह बडा अच्छा मौका है कि वह बना बनाया मकान ले ले और कि तों में सरकार को पैसा देता रहे। लेकिन इसमें मैं एक अर्ज करना चाहूंगा कि इस बात को सुनि चत कर लिया जाए कि कहीं लो इंकम वालों के नाम पर साधन सम्पन्न लोग ही इस स्कीम का फायदा न उठा जायें और जिनके लिए यह मकान बने हैं वे फायदा न उठा सकें। मिसाल के तौर पर रोहतक की एक बात मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं। एक अच्छे डाक्टर ने अपने परिवार के एक सदस्य के नाम से आवेदन पत्र दे दिया कि आमदनी अमुक सीमा से कम है और मकान उसको अलाअ हो गया। इसलिए मेरा निवेदन है कि सरकार इस बात की पूरी कोि ा ा करे कि जिन गरीब लोगों के पास साधन नहीं हैं जिनकी एक सीमा से कम आमदनी है जिनके लिए यह योजना बनी है उनको ही ऐसे मकान मिले और दूसरे लोग इस योजना को झपट न लें। सभापति महोदय, इस बजट में टैक्स की बढौतरी की

गई है। किसी भी राज्य के कार्य को चलाने के लिए राजस्व की वसूली भी करनी पडती है और करों में बढौतरी करनी पडती है। विकास कार्यों पर खर्च करने के लिए सरकार को आमदनी के साधन भी जुटाने पडते हैं। मैं इस बात के लिए वित्त मंत्री महोदय जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने दोनों बातों की और ध्यान दिया है और कई बातों में लोगों की राहत भी दी हैं किसानों को सवा छः एकड तक का मालिया माफ किया है, इसके लिए उनको बधाई देता हूं लेकिन उनको मैं यह बताना चाहता हूं कि जिन लोगों के पास साढे छः एकड भूमि है वे कोई बहुत बडे भूमिबान नहीं हो जाते, वे भी गरीब किसान होते हैं इसलिए मेरा निवेदन है कि सवा छः एकड से लेकर 10 एकड तक जमीन रखने वाले किसासनों के मालिये में बढौतरी नहीं की जानी चाहिए। वैसे तो हमारी टैक्स कमेटी भी बनी है वह भी इस बारे में विचार कर रही होगी परन्तु मेरा भी सदन के समुख सुझाव है कि मालिया की प्रस्तावित वृद्धि 10 एकड तक माफ न की जायें

इसी प्रकार से पानी के ऊपर भी आबियाना बढाने का प्रस्ताव आया है। इस विशय में मेरा सरकार से सुझाव है कि पुनर्विचार कर इसे वापिस लें और मुझे यह भी लगता है कि इस पर पुनर्विचार किया जा रहा होगा।

सभापति महोदय, मैं ट्रांसपोर्ट के बारे में भी कुछ विचार रखना चाहता हूं सरकार की तरफ से बजट में बसों में किराये की वृद्धि के विशय में भी प्रस्ताव आया है जो आज बडी चर्चा का विशय बना हुआ है। लेकिन जब बसों की हालत को देखते हैं कि तो बहुत दुःख होता है। बसें टूटी हुई हैं, कई इलाकों में बसें पूरी नहीं हैं और सडकें भी खराब हैं। इन सभी बातों को देखते हुए साधन जुटाने भी जरूरी हैं अगर हम अपनी परिवहन को ज्यादा सुंदर और आमदनी के ज्यादा साधन बढाना चाहते हैं तो ज्यादा खर्च होना स्वाभाविक है। लेकिन साढे बारह परसैंट बसों के भाडे में वृद्धि होना उचित नहीं है। इसलिए इस बारे में भी सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। जो हम करों से परिवहन की आमदनी बढाना चाहते हैं। उसकी जगह टिकटों में हेराफेरी जो होती है आमदनी की चोरी होती है, उसकी अधिक चैंकिंग कर, इसे रोक कर जो आय बढेगी उससे घाटे की पूति हो सकती है, और भी दूसरे साधन इस बारे में सोचे जा सकते हैं।

सभापति महोदय, मैं केवल दो मिनट और लेना चाहता हूं। सरकार ने बजट में वि ोश रोजगकार केन्द्र स्थापित करने का भी प्रावधान किया है। वैसे तो सरकार ने पहले ही रोजगार केन्द्र खोले हुए हैं लेकिन इस बजट में वि ोश रोजगार केन्द्र बनाये जाने का प्रावधान अनुसूचित जाति के लोगों के लिए किया है। मैं इस बात के लिए सरकार को बधाई देता हूं। इसमें ि ाडयूल्ड कास्ट को कवर किया गया है। ऐक्स सविर्समैन वैसे तो इस में

कवर नहीं हैं लेकिन ऐक्स सर्विस मैन के लिए सोलजर बोर्ड बना हुआ है जो रिक्रूटमैंट में मदद करता है। परन्तु जो हमारे बैकवर्ड क्लासिज के भाई हैं उनके लिए भी यह सुविधा मिले तो उनका भी भला हो सकता है। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इन लोगों को भी इस स्कीम में भाामिल किया जाये। सभापति महोदय, हम सभी बहुत अच्छी तरह से जानते हैं कि हमारे बजट का मुख्य मं ाा क्या है ? अगर थोडा बहुत नीचे ऊपर करना पडता है तो भी हमारी नीयत साफ है और जो भी साधन अपनाये जा रहे हैं वे भी बडे सुंदर हैं क्योंकि हमारे जो उद्दे य हैं वे बडे पाक हैं। इन पाक उद्दे यों के पीछे हमारी सरकार की नीयत साफ है इसलिए जो कर बढाये गये हैं उनको कम करने के लिए सरकार कोई न कोई रास्ता निकालेगी। इस बजट में जो एकाध बातें ऐसी हैं जिनमें सुधार की गुंजाइ ा है इसलिए सरकार इस तरफ अव य ही ध्यान देगी। इन भाब्दों के साथ मैं फाइनैंस मिनिस्टर साहब का और मुख्य मंत्री महोदय जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने बहुत अच्छी योजनायें इस बजट में रखी हैं और जनता की भलाई के लिए कार्य करने का प्रयास किया है। मैं इस बजट की ताइद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी उदय सिंह दलाल (बादली): चेयरमैन साहब, मैं आपको बधाई देता हूं कि आपने बजट पर बोलने के लिए मुझे पहले ही दिन मौका दे दिया। मैं तो पहले ही हाईकोर्ट में फंसा हुआ हूं और मुझे बहुत की कम टाईम यहां हाउस में मिलता है।

चेयरमैन साहब, हमारी सरकार ने जो बजट पे ा किया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं और अपने कुछ सुझाव भी सरकार के सम्मुख रखने के लिए खडा हुआ हूं।

इस बजट की आइटम नं0 8 इरीगे ान के बारे में है। हमारी सरकार ने बजट में कई योजनायें बनायी हैं। जैसा कि उन्होंने बजट में दिया है कि नहरों को पक्का कर रहे हैं, खालों को पक्का कर रहे हैं। इनके पक्का करने से जो आज कल मौजूदा आबपासी हो रही है वह डयौढी हो जायेगीं दूसरे हमारी सरकार ने फ्लड की रोकथाम का बडा भारी प्रबंध किया है। इस बात के लिए भी मैं सरकार की सरहाना करता हूं। पिछले साल और इस साल भी इतनी भयानक बाढ आयी जिससे हरियाणा का बहुत बडा नुक्सासन हुआ है। लेकिन हमारी सरकार ने काफी साधन जुटा कर उनका प्रबंध किया। जिन इलाकों में बाढ आई उनमें ड्रैंज और बांध बनाने का काम बडे जोरों भाोरों से सरकार ने किया। चेयरमैन साहब, आपको पता है कि मेरा इलाका फ्लडढ की मार में रहता है इसलिए मैं उसके बारे में कुछ विचार हाउस में रखना चाहता हूं मंत्री जी यहां पर मौजूद नहीं हैं, वे यहां पर होते तो और भी अच्छा रहता।

सभापति महोदय, दिल्ली सरकार ने धांसा बांध की दस हजार क्यूसिक कैपेसिटी बढाने का वायदा किया था परन्तु दिल्ली सरकार ने अभी तक वह वायदा पूरी नहीं किया है। अभी कुछ महीनों बाद बरसात का मौसम आने वाला हैं अगर बरसात से

पहले यह ठीक नहीं हुआ तो मेरे इलाके को बहुत नुक्सान होगा। इसी तरह से मेरे हलके में साहबी नीदी की भी पानी आ जाता है उसकी तरफ सरकार का खासतौर पर तवज्जोह देनी चाहिए। ड्रेनों को बढा कर फ्लड के पानी को जमना में डालने का प्रबंध किया जाना चाहिए। अब से पहले जो सरकार ने बाढ के लिए प्रबंध किया है उसकी मैं सराहना करता हूं लेकिन इसके साथ ही साथ एक सुझाव भी देना चाहता हूं और अपील भी करता हूं कि किसी भी कहकमे के डिपार्टमैंअल चार्जिज 15–20 परसैंट से ज्यादा नहीं हैं, चाहै कोई सडक बनानी हो या कोई अन्य काम करना हो, लेकिन एम0आई0टी0सी0 के डिपार्टमैंटल चार्जिज साढे सताइस परसैंट हैं, जो बहुत ज्यादा हैं। ये आइंदा के लिए कम होने चाहिएं और जो पहले के लगे हुए चार्जिज हैं वे माफ होने चाहिए। जमीदारों पर नाजायज खर्चा है। इसके साथ साथ मैं यह भी सुझाव दूंगा कि जो साल साल की मियाद पैसा वसूल करने की रखी हुई है यह दस साल होनी चाहिए। इस दस साल के अर्से में अगर कोई खाल टूटे तो उसकी मरम्मत भी एम0आई0टी0सी0 के द्वारा होनी चाहिए। चेयरमैन साहब, जहां तक नहर के पानी का सवाल है, उसके लिए मैं अपनी सरकार और इंजीनियर्ज को बधाई देता हूं इस साल जितना पानी नहरों में चला है इतना पहले कभी नहीं चला था। इसके लिए मैं सरकार का बहुत धन्यवादी हूं।

दूसरा आइटम पावर के बारे में है। इस बारे में भी सरकार ने काफी अच्छे कदम उठाये हैं। पिछले कई सालोकं से

बिजली पर कट लगता आ रहा था और जमीदारों को दिन की बजाए रात को बिजली मिलती थी सरमायेदार निजाम जोरों पर था, दिन में थोडे से टाईम के लिए बिजली मिलती थी। अकसर रात को ही बिजली मिलती थी। जनता सरकार ने दिन में बिजली देने का प्रबंध किया और पहले से ज्यादा बिजली देने का भी प्रबंध किया। सबसे अच्छा सरकार ने यह प्रबंध किया है फ्लैट रेट पर बिजली के पैसे किसानों से चार्ज करने आरम्भ किये हैं। अब मैं बिजली विभाग के सुधार के लिए सुझाव देना चाहता हूं कि जो गुरूकुल, गुरूद्वारे या मन्दिर गर्मियों में दो महीने कै लिए टयूबवैल्ज के कुनैक ान ले लेते हैं और दस महीने तक टयूबवैल्ज बंद रखते हैं उनसे सारे साले के चार्जिज न लिये जायें क्योंकि वे प ुिओं को पानी पिलाने का प्रबंध करते हैं। वे धर्म का काम करते हैं। उन पर लाइन चार्जिज और दूसरा फुटकल खर्चा डाल कर काफी अमाउंट डयू हो गया है यह माफ किया जाना चाहिये। फ्लैट रेटस पर बिजली का खर्च चार्जन किया जाये क्योंकि वे तो दो महीने टयूबवैल चलाते हैं। लेकिन महकमा बदस्तूर उनसे चार्ज करता रहता है। इसीलिये मैं यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि सरकार इस चीज को चैक करै और इस किस्म के अमांउट को माफ किया जाये अगर चार्ज करना है तो जितने दिन वे मीटर चले हैं उतने दिन का चार्ज किया जाये।

इसके अलावा चेयरमैन साहब, हमारे एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट की बाबत काफी स्कीमें यहां पर आयी हैं। मैं आपके

द्वारा मंत्री जी को और सरकार को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि नये नये बीज, खाद मुहैया कराने के मामले में हमने ज्यादा से ज्यादा तरक्की की हैं इसके इलावा हम काफी रकबा जेरे का त भी लाये हैं। बीज और खाद सस्ते दामों पर मुहैया कराने की तरफ भी काफी काम हुआ है। जरायत की तरफ हमारी सरकार ने खास तौर पर किसानों की पैदावार बढाने के लिये जितने ज्यादा से ज्यादा कदम उठा सकती थी उठाये हैं लेकिन मुझे एक बात का दुःख है। यह चाहे हमारी बदकिस्मती समझो चाहे हालात की मार समझो चाहे कोई और बात समझो, किसाने जो चीज पैदा करता है, उसको उसकी पैदावार की पूरी कीमत नहीं मिलती जो चीज वह बेचता है उसकी तो पूरी कीमत नहीं मिलती लेकिन जिस चीज को उसने खरीदना होता है वह उसे दोगुने तिगुने दामों पर मिलती हैं। मैं आपको बताऊं एक जीटर ट्रैक्टर की कीमत 13000 रुपए उस वक्त होती थी जिस वक्त गेहूं का मूल्य 30–35 रुपए और गुड का मूल्य 40 रुपए क्विंटली होता था। आज उसी ट्रैक्टर की कमीत 40000 रुपए हो गयी है। लेकिन इसके मुकाबले में आज उसके गन्ने को कोई नहीं पूछता। लोग गन्ने को चूल्हों में जलाने लग रहे हैं। इसीलिये मैं आपसे प्रार्थना करूंगा यह ठीक है कि आने उसकी पैदावार बढाई है लेकिन उसकी पैदावार की सही कीमत तो कम से कम दिलवाई जाये। आप देखें उसकी खरीदने की भाक्ति बिल्कुल ही कम रह गयी है। क्योंकि उसकी पैदवार की कम कीमत मिल रही है आप देखें आज किसान की सारी की सारी जमीन बैंकों के पास गिरवी रखी हुई हैं इस बात के लिये तो मैं

सरकार को बधाई देता हूं कि उसने पैदावार बढाने में उसकी काफी मदद की है और काफी से ज्यादा योजनाएं बना रखी हैं। सरकार जमीदानों की पैदावार को हैफड की मार्फत या दूसरी एजेन्सियों की मार्फत खरीदे लेकिन उसे उचित भाव दिलवाने का प्रबंध अव य करे और यह जो ट्रैक्टर इत्यादि के इम्पलीमैंटस हैं, इनको सस्ते भाव पर दिलवाने का प्रबंध करे।

अब मैं एनीमल हस्बैंडरी की बाबत भी सरकार को बधाई देना चाहता हूं। मंत्री जी को भी बधाई देता हूं कि पिछले दिनों इनके महकमे ने बधाई योग्य काम किया है। इस डिपार्टमैंट के नये नये अस्पताल खोले हैं और प ाुओं की अच्छी नस्लों को बढावा देने के लिये वि ोशकर गाय वगैरा को पालने के लिये अच्छी सुविधाएं दी हैं यह बहुत अच्छा काम इन्होंने किया है। (व्यवधान) इस महकमें का काम सराहना के लायक है। मुझे उम्मीद है और मैं आपकी मार्फत सरकार को और संबंधित मंत्री महोदय को यह बधाई देना चाहता हूं कि वे किस तरह से अपने महकमें को आगे से आगे बढाते चल जा रहे हैं। इसी तरे से चेयरमैन साहब, डेयरी की तरफ भी हमने काफी प्रगति की है। हमारी स्टेट को वर्ल्ड बैंक की तरफ से भी रुपया मिला हैं डेयरी के नये नये प्लांट लगाये जा रहे हैं। मुझे यह भी पता लगा है कि हमारे हरियाणा में इस वक्त दूध का जो भाव दिया जा रहा है, वह भाायद ही किसी दूसरी स्टेट में दिया जा रहा हो। इसके लिए भी डिपार्टमैंट बधाई का मुस्तहिक है। लेकिन मैं आपकी मार्फत

सरकार से एक प्रार्थना करना चाहता हूं। बल्लभगढ डेयरी प्लांट का काम पिछले दो साल से चल रहा है लेकिन वह अभी तक मुकम्मल नहीं हुआ है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि इसे जल्दी से जल्दी मुकम्मल करके चलाया जाये। अंत में मेरा इस डिपार्टमैंट के मुताल्लिक यही कहना है कि इस डिपार्टमैंट का काम भी सराहना के लायक हैं।

कोआप्रे ान डिपार्टमैंट ने भी काफी तरक्की की है। एक तो इन्होंने यह किया कि ये 1600 गोदाम बनाने जा रहे हैं। इस काम के लिये सरकार एक एकड जतीन हर गांव में लेगी और और यह गोदाम सरकार की तरफ से बनायेगी। इसके अलावा सरकार किसानों के लिये यह भी सोच रही है कि जो अनाज उनके घरों में पडा हुआ है उसके ऊपर बैंक उनको कर्जा दें। चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा सरकार को और मंत्री जी को इस बात के लिये बधाई देना चाहता हूं कि जिसके वे मुस्तहिक हैं। हमारी पिछली सरकार ने चुनाव सिस्टम खत्म कर दिया था और अपने अपने आदमियों को एडमिनिस्ट्रेटर के तौर पर लगा दिया था। लेकिन हमारी सरकार ने आते ही इस सिस्टम को खत्म किया। एक चरण तो चुनावों को खत्म हो गया है। और अब दूसरा चरण भाुरू होने वाला है जो जल्दी ही भाुरू हो जायेगा। हमारी सरकार यह चाहती है कि जितने भी डैमोक्रेटिक अदायरे हैं, वे चुने हुए आदमियों द्वारा चलाये जायें, लोगों द्वारा चुने हुए

आदमी उनका प्रबंध करें। इस महकमे ने भी इस तरह से सराहना योग्य काम किये हैं।

जहां तक पंचायती राज का ताल्लुक है उसके लिए एक कमेटी बनी हुई है और उस कमेटी का मैं भी एक मैम्बर हूं। सरकार पूरी तरह से उस तरफ गौर कर रही है कि पंचायतों को ढांचा किसी तरह से ठीक किया जाये। किस तरह से उनको पूरे अख्तियारात दिये जायें और गांव की पार्टीबाजी को खत्म किया जाये। इसकेल अलावा अ ाोक मेहता की अध्यक्षता में जो पंचायती राज के सिलसिले में कमेटी बनी हुई थी, उसकी जो सिफारि ाात हैं, उनके ऊपर भी गौर हो रहा है कि सरपंच और पंचों को बिना वजह खामखाह ससपैंड होने से किस तरह से मुक्ति दिलायी जाये। यह सारे मसले सरकार के विचाराधीन हैं चेयरमैन साहब, खासतौर पर हमारे एक आनरेबल मैम्बर चौधरी जगजीत सिंह पोहलू जी ने एक बात कह कर हमारा दिल खट्टा कर दिया। सडकों का जहां तक ताल्लुक है हमारी सडकों की हालत कई स्टेटों से अच्छी है। जहां तक सडकों की मुरम्मत का सवाल है जब से यह कहकमा सरदार लछमन सिंह जी के पास गया है, तमाम हरियाणा में हिन्दुस्तान के रिकार्ड टूट रहे हैं। इसलिये जितनी सरदार लछमन सिंह जी की सराहना की जाये, उतनी कम है। जिस दिन से यह महकमा उनके पास आया है, उन्होंने पिछली सारी कमी पूरी कर दही है। सडकों की मुरम्मत भी चल रही हैं नई सडकें भी बनने लग रही हैं 90000 के करीब आदमी इस काम

पर लगे हुए हैं। मजदूरों की कमी होने के कारण गांवों में काम करने के लिये आपको मजदूर नहीं मिलेंगे। पता नहीं ये कहां रहते हैं कहां घूमते रहते हैं। इसा महकमे की जितनी सराहना की जाये उतनी ही कम है मुझे उम्मीद है कि 30 जून 1979 तक हरियाणा के अंदर किलोमीटर के हिसाब से भाायद सारे हिन्दुसतान में सबसे ज्यादा सडकें बन जायेगी जो कि जनता सरकार के आने के बाद बनेगीं, इतनी किलोमीटर सडकें पहलें भाायद ही किसी मंत्री जी के टाईम में बनी होंगी। इस वजह से मंत्री जी खासतौर पर बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा चेयरमैन साहब, मुख्यमंत्री महोदय ने यह एलान कर दिया है कि कोई भी हमारी पार्टी का कैंडीडेट जब तक 1982 के चुनाव में कार पर चलकर वोट मांगने के लिये आपके गांव में न आये तब तक आप उसको वोट बे ाक न देना। यह कितनी बडी चुनौती हैं यह इसलिये नहीं कहाकि ये बहुत बडे आदमी हैं बल्कि इसलिये कहा कि अगर आपकी गांव सडक से न जुडे तो आप बे ाक वोट न देनां जो एम0एल0ए0 गरीक हैं और कार नहीं ले सकते। लीडर आफ दि हाउस उनके लिये कार लेने का भी इंतजाम कर दिया वे लोन लेकर अपनी कार भी ले सकते हैं ताकि वे गांव में राय के टाईम पर कार लेकर जा सकें। इसलिये इस महकमे की जितनी सराहना की जाये, उतनी कम है।

17.00 बजे।

चेयरमैन साहब, जहां तक पीने के पानी का सवाल है। महकमे ने बहुत अच्छा काम किया है। चेयरमैन साहब, पब्लिक

हैल्थ डिपार्टमैंट का जहां तक सवाल है इसके बारेम में हमारी स्टेट सारे हिन्दुस्तान में सिर ऊंचा करके चल सकती है। इन्होंने न सिर्फ पीने का पानी दिया है बल्कि गांव गांव में फव्वारे चल रहे हैं। पहले हालत यह थी कि लोग गंदा पानी पीते थे, सडा हुआ पानी पीते थे, पे ााब मिला हुआ पानी तक लोग पीते थे और इसका नतीजा यह निकलता था कि लोग बीमार रहते थे। लेकिन अब वाटर सप्लाई डिपार्टमैंट ने गांव गांव में पीने का पानी साफ और स्वच्छ पहुंचाया है। साफ पानी पीने से न तो भविश्य में आदमी बीमार होंगे और न ही मवे ाी बीमार होंगे। चेयरमैन साहब, सरदार लछमान सिंह जी हाउस में आ गए हैं: मैं कहना चाहता हूं कि सारी योजनाएं और सारा पैसा तो सरकार का है लेकिन बरकत सरदार जी की है। जहां तक एजुके ान का ताल्लुक है इस महकमे ने बहुत अच्छा काम किया है। जितना काम कांग्रेस भाासन के तीस साल में नहीं किया गया उससे ज्यादा काम जनता सरकार ने पिछले दो साल में किया है। उस कांग्रेस सरकार ने उस जालिम सरकार ने मास्टरों के साथ बहुत ही गंदा व्यवहार किया था। ये हमारे मास्टर पूजा के लायक हैं और चेयरमैन साहब, आपको पता होगा कि पिछले जमाने में जब हम लोग पढा करते थे तो मास्टर के सामने कोई चारपाई पर भी नहीं बैठ सकता था लेकिन उस जालिम सरकार ने उन बेचारों मास्टरों के बिस्तर सिर पर रखवा दिये और उनको बहुत तंग किया। अब हमारे आर्य साहब ऐजुके ान मिनिस्टर साहब आए हैं । हमारे जो पन्द्रह सोलह हजार मास्टर थे उनका कोई भविश्य नहीं था।

उनको बडी चिन्ता रहती थी कि लेकिन हमारे आर्य साहब ने उनका बहुत भला किया है और उन सबको पक्का कर दयिा है। मैं अपने ऐजुके ान मिनिस्टर साहब से एक प्रार्थना करूंगा कि पिछले दिनों जो एजुके ान में कमी आ गई थी उसको पूरा किया जाये। चेयरमैन साहब, मैं सदन को बताना चाहता हें कि स्कूलों की ज्यादा से ज्यादा मुरम्मत की गई है। और ज्यादा से ज्यादा स्कूल अपग्रेड हुए हैं। मैं सरकार के नोटिस में एक बात लाना चाहता हूं कि ि ाक्षा के बारे में जहां सरकार इतना अच्छा काम कर रही है वहां एक जुल्म करने लग रही है। वह यह है कि रोहतक यूनिवर्सिटी को दिल खोलकर पैसा देने लग रही है। चेयरमैन साहब, उस पैसे को एक ही आदमी इस्तेमाल करने लग रहा है। मैं सरकार को सुझाव दूंगा कि वहां पर जितने भी तामीरात के काम हैं उनको पी0डब्लयू0डभ्0 के जरिए कराना चाहिए। आपको सुनकर ताज्जुब होगा कि वहां पर एक आर्किटेक्स मि0 झा है, उसको नक ो बनाने के लाखों रुपए दिए जा रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि इस काम में वाईस चांसलर का कमी ान फिक्स है और मैं इस इल्जाम को प्रूव कर सकता हूं। हमारी सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए कि एक आदमी को रुपया दिए चली जाए और उस पर कोई चैक ने हो। वहां पर किसी झा के द्वारा किसी सैक्सेना की मारफत रुपया खर्च किया जा रहा है। चेयरमैन साहब, गांव के स्कूल तो बिना मुरम्मत के पडे हैं। बच्चौं के बैठने के लिए फ र्ा नहीं है और दूसरी तरफ लाखों रुपए का फर्नीचार खरीदा जा रहा है। वहां पर गलीचे खरीदे जा रहे हैं अभी मकान बना नहीं और

गलीचे पहले ही खरीदे जा रहे हैं। मुझे समझ नहीं आता उनको कहां रखा जाएगा। वी0सी0 सारे रुपए को बरबाद करना चाहता है। हमारी सरकार को इस इस तरफ ध्यान देना चाहिए। मैंने इस बारे में गवर्नर साहब, मु, मंत्री महोदय और एजुके ान मिनिस्टर साहब को चिट्ठी लिखी है और कहा है कि अगर सरकार इस आदमी को पैसा देना चाहती है तो इसका वजीफा बांध दे, लेकिन इस तरह से रुपया बरबाद न कराए। मैं इस बात को फिर दोहराता हूं कि वी0सी0 का इसमें कमी ान फिक्स है और मैं प्रूव कर सकता हूं, अगर प्रूव न करूं तो इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं।

चेयरमैन साहब, जहां तक स्पोर्ट के महकमे का ताल्लुक है हमारी सरकार का काम सराहनीय है। जब से हमारी जनता सरकार आई है और चौधरी देवी लाल मुख्य मंत्री महोदय और आर्य साहब ऐजुके ान मिनिस्टर साहब बने हैं तब से खेलनेवाले लडकों की बहुत हौसला अफजाई हुई है। हमारे जो अच्छे लडके थे और जिन्हौंने खेलों में नाम कमाया है उनको सरकार ने काफी इनाम दिए हैं और यकीन दिलाया है कि जो लडके रेस में या दूसरे खलों में अच्छे हैं लेकिन वे घर से गरीब हैं उनकी मदद की जाएगी। मेरा भी इस बारे में एक सुझाव है कि जो गरीब बच्चे हैं, जिनका कोई सहारा नहीं है लेकिन खेलौं में अच्छे हैं उनको वजीफा दिया जाए। इससे हमारी स्टेट के लडके खेलों में आगे आएंगे और जब कभी हमारी लडकों की टीम दूसरे दे ाों में जीत

कर आएगी तो उससे हरियाणा का सिर ऊंचा होगा। वैसे मैं यह मानता हूं कि हमारी सरकार खेलकूद की तरफ काफी ध्यान दे रही है। चेयरमैन साहब, अन्त में मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मंत्री जी ने जो नए टैक्स लगाए हैं, मैं इनसे सहमत नहीं। वैसे तो इनके बारे में एक कमेटी बना दी गई है और मैं इस विशय में ज्यादा नहीं कहूंगा लेकिन मंत्री महोदय जी से एक बात कहना चाहता हूं कि सारे मुल्क का और सारी स्टेट का रूझान बना हुआ है कि यह सरकार किसान और मजदूर की सरकार है और गांव के लोगों को भाहर के रहने वालों के मुकाबले में ऊपर उठाना चाहती है। चेयरमैन साहब, यह आव यक है कि स्टेट का खर्च चालने के लिये सरकार को रुपया चाहिए लेकिन यह रुपया वहां से वसूल किया जाना चाहिए जहां से आमदनी हो सकती हो। गांव का आदमी तो पहली ही मरा हुआ है। चेयरमैन साहब, पिछले बजट में आबियाना बढाने के बारे में सोचा गया था लेकिन बाद में उसे वापिस ले लिया गया था। सरकार ने पानी पर टैक्स लगाया है उसको वापिस लेना चाहिए और इसको कहीं और सोर्स से वसूल करना चाहिए। मंत्री महोदय जी ने बसों के किराये में बढौतरी की है। चेयरमैन साहब, मेरा इस बारे में कहना है कि अगर बसों की लीकेज बंद कर दी जाए इनके गोदामों को चैकिंग की जाए और वहां की चोरी रोकी जाए स्पेयर पार्टस की चोरी रोकी जाए और सवारियों का बिना टिकट सफर करना रोक दिया जाए तो आमदनी बढ सकती है और नए टैक्स लगाने की कोई आव यकता नहीं रहेगी। जब से हमारे नये स्टेट ट्रांसपोर्ट कन्ट्रोलर आए हैं,

ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट में काफी सुधार हुआ है और मुझे उम्मीद है कि आगे और भी सुधार होगा। चेयरमैन साहब, और भी कई ऐसी जगह हैं जहां से आमदनी की जा सकती है। जब सैंटल गवर्नमैंट की ऐसी भावना हो कि गांव के रहने वाले पर कोई टैक्स न लगे तो मेरी सरकार से प्रार्थना है कि यह 33 परसैंट सरचार्ज न लगाया जाए। अगर सरकार ने यह टैक्स लगा दिया तो गांव वालों के अंदर बडी मायूसी होगी। अगर सरकार के पास कोई और रास्ता नहीं है तो मेरा कहना यह है कि 18 एकड से ज्यादा जिनके पास जमीन है उनके ऊपर यह टैक्स लगाया जाए। जिनके पास 18 एकड से कम जमीन है उनके कोई भी टेक्स न लिया जाए। इन भाब्दों के साथ मैं खत्म करना चाहता हूं और सरकार से दरख्वास्त करता हूं कि वह ऐसे कदम उठाए जिससे कि किसी भी गरीब आदमी के ऊपर बोझ न पडे।

श्री गुलजार सिंह (राजौंद): चेयरमैन साहब, आपने मुझे बोलने का टाईम दिया है इसके लिए मैं आपका भुक्रगुजार हूं। आज बजट के ऊपर चर्चा चल रही है। बजट की ताईद करते हुए टैक्स वगैरह के बारे में जो एक दो आईटम हैं, मैं उनके बारे में थोडा सा कहूंगा। चेयरमैन साहब, बजट बहुत अच्छा है और हमारे जैन साहब, जिनकी बहुत दिन से चर्चा है, बहुत ही बुद्धिमान हैं। चेयरमैन साहब, आज से नहीं बल्कि सदियों से कांगेस के जमान से नहीं, अंग्रेजों के जमाने से भी नहीं बल्कि बाद ाहों के जमाने से एक हवा चली आ रही थी कि फलां चीज गांव वालों के

इस्तेमाल करने के लिये नहीं बल्कि भाहर वालों के इस्तेमाल करने के लिये हैं। अच्छा कपडा देहात वालों के लिये नहीं बल्कि भाहर वालों के लिए इस्तेमाल के लिये है। कोई भी अच्छी चीज गांवा वालों के लिये नहीं है बल्कि भाहर वालों के लिये हैं। लेकिन आज युग बदल गया है जनता में जागृति आ चुकी हैं हर गांव का रहने वाला हर व्यक्ति यह सोचने लगा है कि हम भी इंसान हैं चेयरमैन साहब, टैक्स के मामले में ऐसा वातावरण है कि लोग टेक्सों के विरूद्ध हैं इस बजट में जो टैक्स लगे हैं इनको न लगाया जाए। चेयरमैन साहब, हमारी जनता पार्टी एक मकान पार्टी है और उसके नेता हमारे माननीय चौधरी देवी लाल जी हैं जो कि एक बहुत ऊंचा सत्ता की लीडर हैं किसानों और मजदूरों के पालन हारा हैं, उनका जीवन जद्दोजहद में गुजरा है। इसलिये मेरा विचार है कि इस माहौल में ऐसी सरकार के और ऐसे अच्छे नेता के होते हुए जो हमारी सरकार की तरफ से टैक्स लगाये गये हैं, यह भाोभा नहीं देते। मेरी भाई पोहलू जी ने बोलते हुए भी सरकार की काफी नुक्ताचीनी की वैसे सरकार की तरफ से काम तो बहुत अच्छे हुए हैं पर अपोजी ान बैंचिज पर बैठ कर उन्हें कुछ न कुछ तो बोलना ही पडता है। (ाोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, काम क्या हुए हैं ? लोग तो ईंख को फूंकने लग रहे हैं। (व्यवधान)

श्री गुलजार सिंहः चेयरमैन साहब, मुझ नाचीज की तो यह राय है कि सरकार इसके लिये थोडा बहुत रास्त जरूर

निकाले कि लोगों के राहत मिलें मेरे विचार में यही ठीक है कि सभी एम0एल0ए0 तथा मंत्री महोदय अपने ऊपर संयम करके थोडी थोडी बचत करें तो कोई न कोई रास्ता निकल ही आएगा और टैक्स लगाने की की कम जरूरत पडेगीं जेसे हमारे बुजुर्ग कहते भी आये हैं कि घर का समय और दखिन की लू भी बराबर होती है, इसलिये हमें हर तरह से कम खर्च करने के प्रयत्न करने चाहिए। चेयरमैन साहब, अभी स्वामी जी को बोलते समय टोका जा रहा था। वैसे तो हर एम0एम0ए0 यह चाहता है कि उसके पास घर हो लेकिन इसके साथ ही साथ हमें उन लाखों लोगों का भी ध्यान रखना चाहिए जिन्हौंने हमें यहां पर वोट देकर भेजा है। हमें उनकी बहबूदों के लिये भी कुछ न कुछ करना चाहिए। लोगों को यह आ ाा होती है कि हमारे एम0एल0ए0 जिनको उन्होंने वोट दिये हैं वे उनके भले के लियें कुछ न कुछ जरूर करेंगे अतः सरकार को गरीब लोगों व किसान मजदूरों की भलाई के लिये अच्छे काम करने चाहियें और टैक्स को कम करना चहिए

चेयरमैन साहब, जहां तक तरक्की का सवाल है इस बारे सरकार की जितनी भी तारीफ की जाए उतनी ही थोडी है। अभी पीछे हमारी स्टेट के अंदर फ्लड का काफी जार रहा और इसकी रोकथाम के लिये हमारी सरकार ने काफी जद्दोजहद के साथ सराहनीय कार्य किया है। चेयरमैन साहब, जो भला आदमी होता है वह सभी की भलाई की बात सोचता है और हमारे मुख्य मंत्री महोदय चौधरी देवी लाल जी ने लोगों की भलाई के लिये

बडा कार्य किया है। चेयरमैन साहब, पहले यह होता था कि डी0सी0 और दूसर अफसरान फल्ड इफैक्टिड ऐरियाज को देखने के लिये मौके पर चले जाते थे और टैम्पोररी सा इंतजाम करके आ जाते थे और अगले साल लाखों गरीबों को फ्लड की लपेट से करने के लिये छोड देते थे। अब हमारे माननीय नेता चौधरी देवी लाल जी ने अच्छी स्कीम बनाकर पायेदार और परमानैंट हल ढूंढ लिया है और सरकार ने अरबों रुपए का प्रावधान किया है।

चेयरमैन साहब, आपने झज्जर असंध और बहादुरगढ के इलाके देखें होंगे। वह इलाके फ्लड से बिल्कुल मातम का अड्डा बना हुआ था। लोगों की बडी परे ाानी थी लेकिन इस सरकार के अच्छे कार्यक्रम के कारण आज हर तरफ खु ाहाली है और लोग आराम से रह रहे हैं। लेकिन फिर भी मैं अपनी सरकार से प्रार्थना करूंगा कि बहुत सी ऐसी जगह है जहां पर राहत का काम बडा धीमा चल रहा है। पता नहीं वहां के ठेकदारों द्वारा उजरात में कमी करने के कारण उन ठेकेदारों को मजदूर नहीं मिलते जिसकी वजह से काम बंद हुए पडे हैं इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

चेयरमैन साहब, बिजली के बारे में भी आप को पता है कि हमारी सरकार ने बडा लाजवाब काम किया है, एक मिसाल कायम की। कांग्रेस के भाासन काल में हमारे साथ बीती हैं, और हमें अच्छी तरह याद भी है कि आधी रात तक बिजली के फिक्र में नींद नहीं आती थी, बिजली की इंतजार में रातों बैठे रहते थे कि

पता नहीं कब बिजली आती है लेकिन अब हमारी सरकार ने जो लाजवाब काम किये हैं उसके कारण 24 घंटे बिजली मिल रही है पहले बिजली के बिलों पर सरचार्ज लिया जाता था लेकिन अब हमारी सरकार ने यह सारा झंझट ही खत्म कर दिया है और फ्लैट रेट सिस्टम लागू करके एक बढिया हल ढूंढ निकाला है। लेकिन चेयरमैन साहब, इसके साथ ही साथ एक बात सरकार से अव य कहूंगा कि किसानों ने अपने खेत में जो छोटी छोटी चारे की कूटिया लगा रखी हैं उसके ऊपर थोडी से डयूटी लगी हुई है यह डयूटी भी माफ कर दी जानी चाहिये। मुझे पूर्ण आ ाा है कि सरकार इस तरफ अव य ध्यान देगी और इस छोटे से काम को अव य ही पूरा करेगीं

चेयरमैन साहब, नहरी पानी के मुताल्लिक भी मैं अपनी सरकार और अपने मंत्री महोदय जी की तारीफ करना चाहता हूं कि उसने लोगों के पीने के पानी का बडा अच्छा प्रबंध किया है लेकिन हमारे राजौंद के हलके में अभी भी पानी की कमी है जिसकी तरफ सरकार को खास तवज्जो देनी चाहिए। कई हलको में पानी दे दिया गया ह है और हमारे राजौंद का नम्बर काफी पीछे रह गया है। जैसें पहले खाने वाले को काफी खाना मिल जाता है और जो बाद में आता है उसे कम ही मिलता है। और उसके हिस्से में बहुत कम आता है इसी तरह हमारे राजौंद के हलके के साथ हुआ है। इसलिये मेरी सरकार से पुरजोर अपील है

कि सरकार इस कार्य को जल्दी ही करे ताकि राजौंद के लोगों को राहत मिल सके।

चेयरमैन साहब, एम0आई0टी0सी0 ने जो सिंचाई के कार्य किये हैं मैं उनके बारें में भी कहना चाहता हूं। एम0आई0टी0सी0 ने बड़े सराहनीय कदम उठाये हैं फिर भी जैसा कि भाई गंगा राम जी ने कहा कि कई इलाके ऐसे हैं जो कागजों में केवल नहरी लिखे हुए हैं लेकिन वास्तव में वहां पर एक बूंद भी पानी की नहीं मिलती। इसके लिये मैं भी एम0आई0टी0सी0 के आफिसरों को मिला और बात कीं उन्होंनें कहा कि जो रकबा बहुत गहरा है वहां पर टयूबवैल्ज नहीं लगाये जा सकते। अतः मेरा निवेदन है कि सरकार इस तरफ भी गौर करे। यह न हो कि केवल कागजों में ही नहरी लिखा हुआ हो और असलीयत में पानी न मिले। मुझे पूर्ण आ ाा है कि सरकार इस तरफ अव य जल्दी ही ध्यान देगी और लोगों को पीने का पानी मुहैया करवाएगी ताकि भविश्य में किसी प्रकार की दिक्कत न आने पाए। जहां तक वाटर सप्लाई और सडकों का सम्बंध है इनमें तो जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद खास कर सरदार लछमन सिंह जी के मिनिस्टर साहब बनने के बाद इंकलाब सा भाुरू हो गया। वैसे मैं अपने हल्के के बारे में एक बात जरूर कहूंगा ताकि सरदार जी को दोबारा याद आ जाए। मेरे हल्के में 29 गांव हैं और सभी में खारा पानी है। सरदार जी ने इस बारे में मुझे पूरा यकीन दिलाया था कि वह इलाका भी पीदे नहीं रहेगा, उसको भी सुधार देंगे लेकिन

अभी इस दि ाा में कदम नहीं उठाये गये। जहां तक बच्चों की पढाई का ताल्लुक है इसमें सुधार लाने के लिये हमारे आर्य साहब ने कोई कसर नहीं छोडी है आप देखेंगे कि 15 हजार टीचर्ज बेचार भटकते फिर रहे थे। उनकी बात को आर्य साहब ने सुना और रैगुलर किया। इसके अलावा जिस टीचर ने यह कहा कि मैंने अपने मुहल्ले के स्कूल में लगना है, उसको वहीं लगा दिया। यह तो ि ाक्षा मंत्री जी ने बहुत अच्छा काम किया है लेकिन मैं उनको हाथ जोड कर प्रार्थना करूंगा कि वे बच्चों की पढाई की तरफ भी ध्यान दें। बच्चे ही सारे दे ा का ढांचा है। आज हरियाणा में ि ाक्षा का स्तर बिल्कुल गिर चुका है। अगर ि ाक्षा के स्तर में सुधार नहीं लाया जाएगा तो इससे हमारे बच्चों का भविश्य उज्जवल नहीं होग। मुझे बडी खु ाी होती है जब टीचरों को सहुलियत दी जाती है, लेकिन मैं यह चाहता हूं कि इसके साथ साथ तालीम में भी सुधार किया जाए। तालीम की बात चल रही है इसलिये मेरे को रोहतक मैडिकल कालेज की एक बात याद आ गई। वहां पर पिछले साल यह फैसलाच हुआ था कि 20 प्रति ात सीटें देहाती लडकों के लिये रिजर्व रखी जाएंगी यह बात अमल में भी आई लेकिन बाद में इस बात को लेकर हाई कोर्ट में रिट हो गई क्योंकि देहात के रहने वाले भूखे व्यक्ति को कोई डाक्टर बनाना पसंद नहीं करता। सुना है हाई कोर्ट ने उस फैसले का रद्द कर दिया है। ठीक है हाई कोर्ट को हम चेलैंज नहीं कर सकते लेकिन मैं सरकार से जरूर कहूंगा कि सरकार देहातियों की भलाई

के संबंध में जरूरर कुछ न कुछ सोचे ताकि देहात के लोग भी डाक्टरी लाइन में आ सकैं।

जहां तक लैंड रिकलेमे ान का संबंध है इस वि ाय में भी बहुंत तरक्की हुई हैं करनाल जिले में और खास कर गोहाना और रोहतक जिलों में बहुत सी जमीनें बेकार थीं लेकिन अब उनकी बहुत तरक्की हुई हैं हमारी सरकार ने इस कार्य में दिन दोगुनी रात चौगुनी तरकी की है। मैंने देखा है कि पानीपति से रोहतक जाते हुए गोहाना तक मीलों का रकबा बेकार पडा है और उसके बारे में पता करने पर यह मालूम हुआ कि यह जमीन किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि भाामलात जमीन है। भूमि सुधार के मामले में आज हरियाणा बहुत आगे है इसलिये मेरा यह सुझाव है कि क्यों ने ऐसा कानून बना दिया जाए जिसके तहत सरकार पंचायतों से यह जमीन लेकर उसका सुधार करे, बे ाक बाद में अगर सरकार चाहे तो उस जमीन को पंचायतों का ही लौटा दें। इस तरह की जमीन सफीदों, गोहाना और रोहतक में बहुत ज्यादा पडी हैं

जहां तक ट्रांसपोर्ट का संबंधहै इसमे भी हमारी जनता सरकार बनने के बाद बहुत सुधार हुआ है। बहुत नई बसें आई हैं। पोहलू साहब कह रहे थे कि जीन्द में बसों की बहुत बुरी हालत है लेकिन आज चीफ मिनिस्टर साहब ने कह दिया है कि जींद को तो हरियाणा के बीच मैं से गुजरने वाली बसों का सैंटर बना दिया जाएगा यानि सारी बस सर्विस वहां से चलेगी। मैं चीफ

मिनिस्टर साहब का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने आज हमारी इस ि ाकायत को दूर किया है।

जहां तक हैल्थ का संबंध है इस क्षेत्र में भी बहुत सराहनीय काम हो रहे हैं। आज हमारे चीफ मिनिस्टर साहब गांव गांव में जा रहे हैं और हस्पतालों का उदघाटन कर रहे हैं 30–30 बैडों के हस्पताल बन रहे हैं। इस चीज में भी अपनी अपनी अलग अलग राय होती है। मैं भी सरकार को छोटी सी राय देना चाहता हूं। हर व्यक्ति यह चाहता है कि मेरे हल्के में भी बडै से बडा हस्पताल बने। जहां तक मेरी अपनी राय है वह है कि हस्पताल तो हर जगह बनाने चाहिएं और बैडज की तादाद जरूरत के मुताबिक होनी चाहिये। हमारे गांवों में तो ऐसे लोग हैं जो बहुत ज्यादा बीमार होने पर हस्पताल में जाना पंसद करते हैं। यह ठीक है कि हस्पताल हर जगह होना चाहिए लेकिन वह जो बैडों की तादाद बढाने की दौड लग रही हैं यह गलत बात है। एक छोटा सा गांव है वहां पर भी 30 बैड का हस्पताल बने और एक काफी बडा गांव है वहां पर भी 30 बैड का हस्पताल बने, यह बात ठीक नहीं है। मैं तो यह चाहता हूं कि हस्पताल हर गांव में खोला जाए चाहे वह पांच बेडज का हो, चाहे छडः बैड का हो चाहे दस बैडज का हो यानी जरूरत के मुताबिक बैडज की संख्या नि ि चत की जाए। ऐसा करने से जैन साहब के खजाने को भी राहत मिलेगी। मैं प्रार्थना करूंगा कि मेरे इस सुझाव पर भी जरूर गौर किया जाए। पोहलू साहब कह रहे थे कि जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद

कोई काम नहीं हुआ। मैं समझता हूं यह तो लीडर आफ दि अपोजी ान के फर्ज अदा करने वाली बात है। हरियाणा में जनता सरकार बनने के काद इतने काम हुए हैं जिनको गिनवाया नहीं जा सकतां कुछ मोटे काम हैं जिनको मैं गिनवाता हूं; ये काम हैं बिजली का काम, बैंको ंका सूद कमू करने संबंधी काम, खाद की कीमत कम करने का काम। खाद के मामले में तो सैन्टर से पहले ही हमारी सरकार ने कमी कर दी। इसके अलावा गन्ने के रेट में करोडो रुपए की सबसिडी दी गई है। हमार यहां इतने काम हुए हैं कि अगर मैं उनकी तारीफ करने लगूं तो दो घंटे तक खत्म नहीं होगी। बजट के बारे में मैं यही कहूंगा कि पहली बार देहात की डिवैल्पमैंट के लिए बजट में इतना तगडा कदम उइाया गया है। टैक्स तो हमे ाा से लगते आए हैं और लगते भी रहेंगे क्योंकि इसके बिना सरकार का काम नहीं चल सकतां फिर भी मै। जैन साहब से प्रार्थना करूंगा कि आज हवा ऐसी है कि टैक्स कम से कम लेगे इसलिये वे कोई न कोई ऐसा नुकता ढूंढें जिनसे यह टैक्स माफ हो सके और विभागों को राहत मिल सके। चेयरमैन साहब, आपने मुझे बोलने का समय दिया उसके लिये मैं आपका धन्यवाद करता हूं औम्र एक बार फिर इस बजट की पुरजोर ताइद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

श्री मूल चन्द मंगला (पलवल): आदरणीय चेयरमैन साहब, बजट के बारेम में मैं कुछ आइटमों पर बोलना चाहूंगा। पहली आइटम आर्थिक व्यवस्था पर है इस पर मैं कहूंगाकि पिछले

